कांग्रेस नेताओं को कोर्ट का नोटिस

मानहानि के संबंध में दायर परिवाद की सुनवाई

जबलपुर, 4 दिसंबर. एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश डी पी सूत्रकार ने मानहानि के संबंध में दायर परिवाद की सुनवाई करते हुए वर्तमान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व नेता प्रतिपक्ष व विधायक अजय सिंह राहुल तथा विधायक लखन घनघोरिया को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है.

एमपी-एमएलए कोर्ट ने परिवाद पर अगली सुनवाई 16 जनवरी को निर्धारित की है. विजय पांडे की तरफ से दायर परिवाद में कहा गया था कि वह नेशनल हेल्थ मिशन के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर के पद पर जबलपुर में पदस्थ थे. नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल सहित अन्य कांग्रेसी

विधायकों ने पत्रकार वार्ता में उसकी अंकसूची को फर्जी तथा रिश्वत देकर नियुक्ति पाने के आरोप लगाये थे. कांग्रेस विधायक लखन घनघोरिया ने विधानसभा में भी उनकी अंकसूची फर्जी होने का मामला उठाया था. कांग्रेस विधायक ने 5 अगस्त को विधानसभा से वॉकआउट भी किया था.

> विधानसभा में हुए हंगामे के बाद राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की संचालक सलोनी सिडाना ने उन्हें पद से हटाते हुए जांच के आदेश जारी किए थे. जांच में उनकी शिक्षा बोर्ड की अंकसूची सही पाई गई थी. इसके अलावा कांग्रेस विधायक दल के आरोप गलत मिले. एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश डी पी सूत्रकार ने अपने आदेश में कहा है कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत अनावेदकगण को सुना जाना आवश्यक है. विशेष न्यायाधीश ने नेता प्रतिपक्ष सहित दोनों कांग्रेसी विधायक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है. परिवादी की तरफ से अधिवक्ता परितोष गुप्ता ने पैरवी की.

भोपाल गैस पीड़ितों के मामले में जवाब के लिए सरकार को मोहलत

जबलपुर. मप्र हाईकोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकार को उस जनहित याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया है, जिसमें गंभीर रूप से घायल गैस पीड़ितों को एक विशेष श्रेणी के लिए अतिरिक्त मुआवजा देने की मांग की गई है. चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने मामले पर अगली सुनवाई 19 जनवरी को नियत की है. भोपाल गैस पीड़ित महिला पुरुष संघर्ष मोर्चाए भोपाल गैस पीड़ित स्टेशनरी महिला कर्मचारी संघ, भोपाल गैस पीड़ित निराश्रित पेंशन भोगी संघर्ष मोर्चा व भोपाल ग्रुप फॉर इन्फॉर्मेशन एंड एक्शन ने एक याचिका दायर की है.

जजों के साथ हुई घटना पर रिपोर्ट पेश

▸ कार्यवाही और गिरफ्तारी के संबंध में दी गई जानकारी

जबलपुर, 04 दिसंबर. प्रदेश के अनूपपुर जिले में जमानत नहीं देने पर जिला न्यायालय के न्यायाधीश के सरकारी आवास में हमले तथा अन्य जिलों में जिला न्यायाधीशों के घर हुई चोरी की घटनाओं के संबंध में सरकार की तरफ से हाईकोर्ट के विस्तृत रिपोर्ट पेश की गयी.

रिपोर्ट में विवेचना के स्टेटस व गिरफ्तारी की संबंध में जानकारी पेश की गयी. हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने रिपोर्ट को रिकॉर्ड में लेते हुए अगली सुनवाई 8 जनवरी को निर्धारित की है. गौरतलब है कि 23 जुलाई 2016 को मंदसौर में राष्ट्रीय

राजमार्ग पर न्यायाधीश राजवर्धन गुप्ता के साथ मारपीट की घटना हुई थी. मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के तत्कालीन रजिस्ट्रार जनरल मनोहर ममतानी ने घटना की जांच कर हाईकोर्ट में रिपोर्ट पेश की थी. हाईकोर्ट ने रिपोर्ट को संज्ञान में लेते हुए न्यायाधीशों और उनके परिवारों की सुरक्षा के मामले की सुनवाई जनहित याचिका के रूप में करने के निर्देश दिये थे. हाईकोर्ट ने पूर्व में याचिका की सुनवाई करते हुए पूरे प्रदेश के कोर्ट परिसरों के चारों ओर पर्याप्त ऊंचाई की बाउंड्री वॉल, कोर्ट परिसर में पुलिस चौकियां तथा जजों के आवासीय परिसरों में सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में राज्य सरकार को निर्देश जारी किये थे.

> पिछली सुनवाई के दौरान जमानत आवेदन निरस्त करने पर अनूपपुर में प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट अमनदीप सिंह छाबड़ा के सरकारी आवास पर हुए हमले तथा प्रदेश के अन्य जिलो में न्यायाधीशों के घरों में हुई चोरी की घटनाओं पर युगलपीठ ने नाराजगी व्यक्त की थी. युगलपीठ ने घटना के संबंध में स्टेटस रिपोर्ट पेश करने के निर्देश जारी किये थे. याचिका पर गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ से प्रदेश में जिला न्यायाधीशों के साथ हुई घटनाओं के संबंध में पुलिस कार्यवाही की स्टेटस रिपोर्ट पेश की गयी.

महिला कॉन्स्टेबल ने फांसी लगाकर दी जान

लिवइन पार्टनर से विवाद के बाद उठाया कदम

मिली थी अनुकंपा नियुक्ति, पति की मौत के बाद से तनाव में थी

इंदौर, 04 दिसंबर. एरोड्रम इलाके में महिला कॉन्स्टेबल ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली.

पुलिस ने मौके से जांच शुरू कर शव को जिला अस्पताल पहुंचाया. घटना एरोड्रम क्षेत्र के शुभम नगर की है, जहां डीआरपी लाइन में तैनात 28 वर्षीय महिला कॉन्स्टेबल का शव देर रात फंदे पर लटका मिला. जानकारी मिलते ही पुलिस और अधिकारी मौके पर

पहुंचे और घटनास्थल की जांच के बाद शव को जिला अस्पताल भिजवाया. थाना प्रभारी वरुण सिंह भाटी ने बताया कि महिला कॉन्स्टेबल मूल रूप से बिहार के मुंगेर की रहने वाली बताई गई है. कुछ समय पहले पति की मौत के बाद उन्हें अनुकंपा नियुक्ति मिली थी.

होने वाली थी शादी

परिजन और सहकर्मियों के अनुसार पति की मृत्यु के बाद से ही वह तनाव में रहती थी. जांच में सामने आया कि वह पिछले तीन साल से एक अन्य पुलिसकर्मी के साथ लिव-इन में रह रही थी. दोनों का रिश्ता सामान्य चल रहा था और जल्द शादी करने की भी बात थी, लेकिन मंगलवार-बुधवार की रात दोनों के बीच किसी मुद्दे पर कहासुनी हुई थी. रात में साथी घर से बाहर टहलने चला गया और इसी दौरान महिला ने फांसी लगा ली. रात करीब उसी समय साथी ने घर लौटकर घटना देखी और पुलिस को सूचना दी.

खालवा की परियोजना अधिकारी नेहा यादव को किया निलंबित

खालवा, 04 दिसंबर. महिला एवं बाल विकास विभाग खालवा की परियोजना अधिकारी नेहा यादव को निलंबित कर दिया गया. हाल ही में 57 महिला आंगनबाड़ियों का निरीक्षण वरिष्ठ अधिकारी सृष्टि देशमुख ने किया था .इनमें कई अनियमितताएं पाई गई थीं. कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने उक्त अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था. संतुष्टि पूर्वक जवाब नहीं देने के कारण उन्हें महिला एवं बाल विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारी सुदाम खाड़े ने निलंबित कर दिया.

मुख्यमंत्री ऊर्जा मंत्री के भतीजे की शादी में हुए शामिल

ग्वालियर, 4 दिसंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को ग्वालियर में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के पारिवारिक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हुए.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्वालियर में रेसकोर्स रोड स्थित ऊर्जा मंत्री के निवास पर पहुंचकर उनके भतीजे सूर्य प्रताप सिंह तोमर (हितांशु) को सुखद दाम्पत्य जीवन के लिए आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दीं. इस अवसर पर उन्होंने ऊर्जा मंत्री तोमर की माताश्री सुधा तोमर सहित अन्य परिजन से भी भेंट की. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल एवं

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने भी ऊर्जा मंत्री तोमर के निवास पर पहुंचकर सूर्य प्रताप सिंह तोमर को सुखद दाम्पत्य जीवन के लिये शुभकामनाएं प्रदान की.

> **वरिष्ठ पत्रकार डॉ. द्विवेदी के पिता को दी श्रद्धांजलि**
>
> मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को ग्वालियर प्रवास के दौरान वरिष्ठ पत्रकार एवं हरिभूमि तथा आईएनएच न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के सिंधी कॉलोनी स्थित निवास पर पहुँचकर उनके पिताश्री स्व. कीर्ति नारायण द्विवेदी के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए पुष्पांजलि अर्पित की और शोकाकुल परिवार के प्रति शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं.

एक नजर में

4 दरिंदो ने नाबालिग छात्रा के साथ किया गैंगरेप

सीधी, 4 दिसंबर. नाबालिग छात्रा के साथ चार दरिंदों द्वारा तीन दिनों तक गैंगरेप किया जाता रहा. जब दरिंदगी की हद पार हो गई तो पीड़िता ने अपने घर में परिजनों को घटना की जानकारी दी. जिसके बाद परिजनों ने जमोड़ी थाना पीड़िता को ले जाकर चारों आरोपियों के विरुद्ध पाक्सो एक्ट के तहत गंभीर धाराओं में मामला पंजीबद्ध कराया. पुलिस इस घटना के सामने आते ही फरार हुए चारो आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों में लगातार दबिश कार्रवाई कर रही है. मिली जानकारी के अनुसार 16 वर्षीय नाबालिग छात्रा शहर के एक स्कूल में पढ़ती थी. बताया गया है कि मुख्य आरोपी द्वारा पहले किशोरी को प्रेम जाल में फंसाकर उसके साथ अकेले में दुष्कर्म किया. बाद में उसके द्वारा अपने तीन दोस्तों को भी इसमें शामिल किया. कई दिनों तक इस तरह की घटना चलती रही. नाबालिग छात्रा डर और शर्म के कारण आरंभ में चुप रही. लेकिन बाद में मामला हद से ऊपर हो गया तो अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी. पीड़िता के जमोड़ी थाना में की गई रिपोर्ट पर पुलिस ने पाक्सो एक्ट के तहत गंभीर धाराओं में चारों आरोपियों के खिलाफ आपराधिक मामला पंजीबद्ध किया. पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराने के पश्चात उसका बयान मजिस्ट्रेट के समक्ष भी दर्ज किया जाएगा. चारों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया है. जमोड़ी थाना प्रभारी दिव्यप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि संभावना है कि जल्द ही आरोपी गिरफ्तार हो जाएंगे.

3 एमपी नेवल यूनिट ने मनाया नौसेना दिवस

ग्वालियर, 04 दिसंबर. 3 एमपी नेवल यूनिट एनसीसी, ग्वालियर द्वारा आज नौसेना दिवस ब्रिगेडियर अनिल जेठालिया के मार्गदर्शन तथा कमांडर- एट-आर्म दीपक सिंह भदौरिया के निर्देशन में उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ यूनिट परिसर एवं एमएलबी कॉलेज फ्लेग पोस्ट पर मनाया गया. कार्यक्रम के दौरान 3 म.प्र. नेवल यूनिट के एनसीसी कैडिटों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ आयोजित की गईं, जिनमें देशभक्ति नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल हैं, जो भारतीय नौसेना की गौरवशाली परंपरा और राष्ट्रीय भावना को प्रदर्शित करते हैं. इसके साथ ही नौसेना के जहाजों के मॉडल की प्रदर्शिनी लगाई गई. समारोह का एक विशेष आकर्षण भूतपूर्व सैनिको का सम्मान रहा, जिसमें भारतीय नौसैना के सेवानिवृत्त सैनिको एवं वीरों को उनकी सेवाओं के लिए आभार प्रकट किया गया. भारतीय सेना में नेवी का बड़ी अहम भूमिका है. कार्यक्रम में मुख्य अतिथी के रूप में ग्वालियर कलेक्टर श्रीमति रूचिका चैहान एवं निगम कमिश्नर संघप्रिय उपस्थित रहे.

घेराबंदी कर 2.51 लाख के मादक पदार्थ जब्त

सीधी, 04 दिसंबर. सीधी पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 2.51 लाख के मादक पदार्थ सहित 8.51 लाख से अधिक का मशरुका जब्त किया है. पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के निर्देशन में मझौली पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के परिवहन और बिक्री के विरुद्ध एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है. इस कार्रवाई में लगभग 8 लाख 51 हजार 691 रुपये कीमती अवैध मादक पदार्थ और उनके परिवहन में उपयोग किए गए वाहन को जब्त किया है. यह संपूर्ण कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी मझौली उप निरीक्षक विशाल शर्मा के नेतृत्व में की गई.

बहन की शादी में जमकर थिरके एक्टर कार्तिक आर्यन

उषा किरण पैलेस में कड़ी सुरक्षा के बीच हो रहा विवाह

ग्वालियर, 4 दिसंबर. अपनी बहन की शादी में बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन जमकर थिरके. परिजनों के साथ कार्तिक ने डांस और मस्ती की.

आज रात में होटल ताज ऊषाकिरण में यह शादी समारोह हुआ. बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन अपनी बहन कृतिका तिवारी की शादी में शामिल होने के लिए ग्वालियर पहुंचे हैं. शहर के उषा किरण पैलेस में कड़ी सुरक्षा और गोपनीय तरीके से कृतिका की शादी की रस्में हुई. इस दौरान कार्तिक बहन के साथ जमकर नाचते और जश्न मनाते नजर आए. शादी समारोह पूरी तरह प्राइवेट रखा गया, जिसमें सिर्फ करीबी रिश्तेदार और खास मेहमान ही शामिल हो रहे हैं. हल्दी के दौरान कार्तिक ने भाई की सभी रस्में निभाईं और परिवार के साथ भावुक पल भी साझा किए. कार्तिक आर्यन का बचपन ग्वालियर में ही बीता है और वे अक्सर अपने होमटाउन आते रहते हैं. बॉलीवुड में अपनी पहचान बनाने के बावजूद वे ग्वालियर से अपना जुड़ाव बनाए रखते हैं और यहां के स्ट्रीट फूड व खास जगहों पर घूमना पसंद करते हैं. कार्तिक आर्यन की अपकमिंग फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी जल्द ही रिलीज होने वाली है. इस फिल्म का निर्देशन समीर विध्वंस कर रहे हैं.

शहर के रिंग रोड के विस्तार कार्य को मिली स्वीकृति

▸ दमोह सांसद ने एनएचएआई चेयरमैन से की मुलाकात

दमोह, 04 दिसंबर. सांसद राहुल सिंह लोधी ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के चेयरमैन संतोष यादव से नई दिल्ली स्थित कार्यालय में सौजन्य भेंट की.

मुलाकात के दौरान दमोह शहर की सड़क कनेक्टिविटी व रिंग रोड विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा हुई.सांसद राहुल सिंह लोधी ने बताया वर्तमान में दमोह शहर को चारों दिशाओं से प्रमुख हाईवे कनेक्टिविटी प्राप्त हैं जिसमें बक्सवाहा से दमोह, सागर से दमोह, जबलपुर से दमोह, कटनी से दमोह, हटा से दमोह है. साथ ही हटा से इमलाई बाईपास, बांसा बाईपास, अभाना बाईपास होते हुए समन्ना बाईपास तक का रिंग रोड का अधिकांश हिस्सा पहले ही बनकर तैयार है लेकिन समन्ना से हटा नाके तक 4 किमी लंबा हिस्सा अभी निर्मित नहीं हो पाने से भारी वाहनों का दबाव शहर के भीतर बना रहता है. इस कनेक्टिविटी को जोड़ने सांसद ने चेयरमैन से रिंग रोड के अंतिम हिस्से के निर्माण का अनुरोध किया. सांसद ने बताया कि एनएचएआई चेयरमैन संतोष यादव ने डीपीआर तैयार निर्देश दिए.

मंदिर इलाके के कुएं में मिली महिला की लाश

▸ हत्या और अवैध संबंध का लगाया आरोप

सिंगरौली, 04 दिसंबर. बैढ़न थाना क्षेत्र अंतर्गत सासन हनुमान मंदिर इलाके में आज दिन गुरुवार की सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब एक महिला का शव कुएं में तैरता मिला.

मृतका की पहचान राजकुमारी शाह उम्र 35 वर्ष के रूप में हुई है. ग्रामीणों ने शव देखने के बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद सासन चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू कर शव को बाहर निकलवाया. पंचनामा कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है. इस मामले ने तब और गंभीर रूप ले लिया जब मृतका की

बेटी पूजा शाह ने अपनी मां की मौत को हादसा या आत्महत्या मानने से इनकार कर दिया. पूजा ने अपने पिता भूपेश शाह व चाची सुरसती शाह और दादी कलावती शाह पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है. बेटी ने पुलिस को बताया कि उसके पिता और चाची के बीच लंबे समय से अवैध संबंध चल रहे थे, जिसके कारण घर में लगातार विवाद होते थे. मृतका और आरोपियों के बीच झगड़े की शिकायतें पहले भी पुलिस चौकी में दर्ज हो चुकी हैं. पूजा का आरोप है कि पारिवारिक तनाव और अवैध संबंधों की वजह से उसकी मां की हत्या कर शव को कुएं में फेंक दिया गया.

लोकायुक्त ट्रैप में पकड़ी गई प्राचार्य को सजा

इंदौर, 04 दिसंबर. झाबुआ की एक सरकारी स्कूल प्राचार्य को दो चरणों में रिश्वत मांगने और लेते हुए पकड़े जाने के आठ साल पुराने मामले में विशेष न्यायालय ने कड़ी सजा सुनाई है. लोकायुक्त पुलिस द्वारा दी गई अधिकृत जानकारी के अनुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झकनावद, जिला झाबुआ की तत्कालीन प्राचार्य एवं उस दौरान प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी (आदिवासी जनजाति कार्य विभाग, पेटलावद) रहीं शकुंतला शंखवार को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रकरण में दोषी करार दिया है. मामला वर्ष 2017 का है, जन शिक्षक पूनमचंद कोठारी ने लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय इंदौर में शिकायत दी थी.

जब फोर्ट रोड के जाम में फंसे अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल

रीवा, 04 दिसंबर. शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो चुकी है, अभी तक आम आदमी ही जाम में फंसता था लेकिन अब राज्यपाल भी जाम में फस गये और आधे घंटे तक जाम में फंसे रहे.

दरअसल सैनिक स्कूल के पुरा छात्र एवं अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल केटी पारनाइक किला मार्ग में सुबह जाम में फंस गए. हालत इतनी खराब थी कि हूटर के बाद भी लोग नहीं हटे, बाद में स्थानीय लोगों की मदद से रास्ता खाली कराया, तब राज्यपाल आगे बढ़े. फोर्ट रोड के दोनों तरफ अतिक्रमण है और सडक़ पर सामान रखकर दुकान संचालकों ने अस्थाई कब्जा कर रखा है. यहां

कभी न तो यातायात पुलिस जाती और नहीं अतिक्रमण दल अतिक्रमण हटाने जाता है. पहले से ही सूचना थी कि अरूणाचल प्रदेश के राज्यपाल फोर्ट रोड से निकलेगे, उसके बाद भी प्रोटोकाल का कोई ध्यान नही रखा गया. जैसे ही काफिला सुबह पहुंचा तो जाम में फंस गया. दोनो तरफ लंबा जाम लग गया. यहा यातायात पुलिस की साफ लापरवाही देखने को मिली.

एमओयू साइन | प्लांट से निकलने वाली राखड़ का किया जाएगा उपयोग

सिंगाजी प्लांट में सीमेंट की फैक्ट्री लगेगी

खंडवा, 4 दिसंबर. सिंगाजी थर्मल पावर प्लांट में अब सीमेंट फैक्ट्री लगने जा रही है. इसका एमओयू भी हो गया है. खंडवा ही नहीं प्रदेश के लिए यह बड़ी बात है. प्लांट से जो राखड़ निकलती है, वह इसी स्थान पर उपयोग में आ जाएगी.

डंपरों से होने वाली सड़क दुर्घटनाएं भी रूकेंगी. ट्रांसपोर्टेशन का खर्चा बचाने के कारण जो भी कंपनी ठेका ले रही है, वह बहुत कम लागत में सीमेंट बना लेगी. करीब दो लाख मैट्रिक टन सीमेंट हर साल बनने का अनुमान है. आपको बता दें कि बड़े-बड़े कैप्सूल डंफर और मशीन राखड़

ढोने वालों ने खरीद ली हैं. इनमें अधिकतर जनप्रतिनिधि और बड़े नेता हैं. इनके डंपर खड़े ही रह जाएंगे. राखड़ इतनी अधिक मात्रा में उत्पादित होती है कि ऐसी और यूनिट भी लग सकती हैं. निमाड़ का यह पहला सीमेंट उद्योग होगा, जो मूंदी में लग रहा है. बता दें कि एक बड़े नेता ने 60 एकड़ जमीन 10 साल पहले सीमेंट फैक्ट्री के लिए खरीदी थी, जो आज भी सीमेंट फैक्ट्री की राह देख रही है.

> संत सिंगाजी थर्मल पावर दोंगलिया में आने वाले समय सीमेंट उत्पादन की इकाई लगने का अनुबंध हो गया है, जिससे करीब डेढ़ लाख से 2 लाख मेट्रिक टन तक सीमेंट उत्पादन का अनुमान है. पावर प्लांट के अंदर हीडल वर्ग सीमेंट इंडिया लिमिटेड को करीब 7 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध कराने का अनुबंध हो गया है. इस प्लांट में यह पहला अनुबंध है. ज्ञात रहे कोयले से विद्युत उत्पादन के बाद जो राखड़ पाइपों के द्वारा राखड़ बाधं में जाती है.

एसपी ने बाइक रैली और जागरुकता रथ को झंडी दिखाई

आगर मालवा. आगर मालवा में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष यातायात प्रवर्तन और जन-जागरूकता अभियान शुरू किया गया है.पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर यह अभियान 26 नवंबर से 10 दिसंबर तक चलाया जा रहा है.इसी कड़ी में गुरुवार को पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह ने एसपी कार्यालय से एक यातायात जागरूकता बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.इस रैली में 50 बाइक पर 100 पुलिस अधिकारी-कर्मचारी हेलमेट पहनकर शामिल हुए.रैली शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी.इसके साथ ही एक जागरुकता रथ भी रवाना किया गया.

कार लूट वारदात का पर्दाफाश 3 गिरफ्तार

▸ पुलिस ने 24 घंटे में किया घटना का खुलासा

खरगोन, 04 दिसंबर. जिले के ग्वालू घाट पर रेपीडो कार चालक के साथ हुई लूटपाट की घटना को पुलिस ने महज 24 घंटें में सुलझाते हुए आरोपियो को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है.

एसपी रविंद्र वर्मा ने गुरुवार को मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 3 दिसंबर को थाना बलवाड़ा पर संजय पिता मांगीलाल वर्मा निवासी आनंद नगर इंदौर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि इंदौर के कुशवाह नगर से औंकारेश्वर के लिए टैक्सी बुक की थी, जिस पर मैं कुशवाह नगर से तीन सवारी बिठाकर ओंकारेश्वर

के लिए निकला. इंदौर में भारत पेट्रोल पंप से सीएनजी गैस डलवाकर ओंकारेश्वर जा रहे थे, इसी दौरान गवालु घाट के नीचे उतरे तो फ्रेश होने के बहाने गाड़ी को रुकवाकर कार सवार युवकों ने चाकू अड़ाकर बोला कि तेरे पास जो भी रुपए है वो दे दे, तो मेरे पास से 600 रुपए दे दिए. जब व मोबाईल मांगने लगा तो मैंने नही दिया, जिससे नाराज होकर चाकू से तीन बार वार किया. आरोपियों से बचकर मैं वहां से भागने लगा. वह तीनो व्यक्ति मेरी औरा टैक्सी कार नं. एमपी 09 एक्यू 3173 को लेकर भाग गए. पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल टीम गठित कर मौके पर भेजी. घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया. आरोपियो के पहचान के लिए सीसीटीव्ही फुटेज भी खंगाले गए.